दिनांक:-23.09.2024

# यातायात पुलिस प्रेस-नोट:-

**भारत बनाम बांग्लादेश क्रिकेट टेस्ट मैच ग्रीन पार्क स्टेडियम कानपुर नगर में 27.09.2024 से दिनांक 01.10.2004 तक सकुशल सम्पन्न कराये जाने के लिए यातायात डायवर्जन/पार्किंग व्यवस्था निम्नवत है-**

## प्रथम चरण (मुख्य डायवर्जन)

- फूलबाग,मेघदूत की तरफ से वी०आई०पी० रोड पर आने वाले वाहन जिन्हें ग्रीन पार्क चौराहा की तरफ जाना है डी०ए०वी० तिराहा से आगे नहीं जा सकेंगे, ऐसे वाहन डीएवी तिराहा से बाए मुड़कर मधुवन तिराहा, हडर्ड चौराहा से सिलवर्टन तिराहा होते हुए अपने गंतव्य को जाएंगे।
- कंपनीबाग,रानीघाट की तरफ से आने वाले वाहन जिन्हें ग्रीन पार्क चौराहा की तरफ जाना है मर्चेंट चेंबर तिराहा से आगे नहीं जा सकेंगे ऐसे वाहन मर्चेंट चैंबर तिराहा से दाहिने मुड़कर सिल्वर्टन तिराहा,लाल इमली चौराहा से होकर अपने गंतव्य को जाएंगे।
- बड़ा चौराहा मूलगंज की तरफ से आने वाले वाहन जिन्हें हडर्ड चौराहा की तरफ जाना है कारसेट/परेड चौराहा से आगे नहीं जा सकेंगे ऐसे वाहन कारसेट चौराहा से बाये मुड़कर लाल इमली चौराहा होकर अपने गंतव्य को जाएंगे।

## द्वितीय चरण (आवश्यकतानुसार)

**रेव श्री एवं सरसैया घाट**

- मर्चेन्ट चैम्बर पर अधिक दबाव होने की स्थिति में कोई भी वाहन रेव - श्री तिराहा से आगे मर्चेन्ट चैम्बर की ओर नहीं जा सकेंगे ऐसे वाहन रेव - श्री तिराहा से आगे विजय विला होटल होते हुए अपने गन्तव्य को जायेंगे।
- डीएवी तिराहा से अधिक दबाव होने की स्थिति में डायवर्जन सरसैय्या घाट से किया जाएगा। इस स्थिति में वाहन सरसैय्या घाट से बायें बड़ा चौराहा होते हुए अपने गन्तव्य को जा सकेंगे।

## तृतीय चरण (आवश्यकतानुसार)

**मेघदूत तिराहा एवं रानी घाट**

- रेव - श्री पर अधिक दबाव होने की स्थिति में डायवर्जन रानीघाट से किया जाएगा। इस स्थिति में वाहन रानीघाट चौराहा से दाहिने मुड़कर राजीव पैट्रोल पम्प होते हुए अपने गन्तव्य को जा सकेंगे।

**सरसैय्या घाट पर अधिक यातायात दबाव की स्थिति में फाइनल डायवर्जन मेघदूत तिराहा से होगा। इस स्थिति में वाहन बड़ा चौराहा होते हुए अपने गन्तव्य को जा सकेंगे।**

- **ग्रीन पार्क से डीएवी तिराहा की ओर क्रमश: गेट न०-2,3,4,5,6 वी०आई०पी० रोड पर स्थित है।**
- **डीएवी तिराहा से ग्रीन पार्क से पीछे की ओर यूनियन बैंक तिराहा/परमट मंदिर मार्ग तिराहा तक गेट न०-7,8,9,10(A,B,C) स्थित है।**
- **ग्रीन पार्क चौराहा से यूनियन बैंक/परमट मंदिर मार्ग पर गेट न०- 01 एवं 11 स्थित है।**

# पार्किंग व्यवस्था:-

**A. मीडिया पार्किंग**

1) बाबा घाट रोड की दोनों तरफ

**B. फुलबाग की तरफ से आने वाले वाहनों की पार्किंग**

1) गैस गोदाम ग्राउंड (डी०ए०वी०तिराहा)
2) हेडर्ड कॉलेज चौराहा से सिल्वर्टन तिराहा के मध्य सड़क के दोनों तरफ

**C. मूलगंज घंटाघर यतीमखाना की तरफ से आने वाले वाहनों की पार्किंग**

1) जीआईसी ग्राउंड पार्किंग
2) लाल इमली चार बगलिया ग्राउंड
3) लाल इमली मुख्य गेट सड़क के दोनों तरफ
4) म्योरमिल ग्राउंड
5) मैक रॉबर्टगंज फुटबॉल ग्राउंड
6) एफसीआई ग्राउंड
7) मैक रॉबर्टगंज हॉस्पिटल के सामने केवल मोटरसाइकिल
8) क्रिस्टल पार्किंग

**D. कंपनीबाग,रानीघाट कर्नलगंज, ग्वालटोली की तरफ से आने वाले वाहनों की पार्किंग**

1) टेफ्को फैक्ट्री एरिया
2) टेफ्को मंदिर गेट से परमट पार्किंग तक सड़क के दोनो ओर
3) परमट पार्किंग
4) टेफ्को गेस्ट हाउस
5) टेफ्को आवासीय परिसर
6) टेफ्को जीएम आवासीय परिसर
7) मिलन गेस्ट हाउस के सामने गोल्डी मसाले वाला ग्राउंड

**E. पास वाले वाहनों की पार्किंग**

1) स्टेडियम के अंदर गेट न० 1A,11A व 10B में होगी।

**नोट-** **भारत-बांग्लादेश मैच** के दृष्टिगत ग्रीनपार्क स्टेडियम के आस-पास चारों तरफ आवासित लोग अपने वाहनों के **रेजिडेंशियल पास** संबंधित चौकी **सिविल लाइन** अथवा **परमट पुलिस चौकी** से प्राप्त कर लें।